कार्यालय वनमण्डलाधिकारी उत्तर सामान्य वनमण्डल बालाघाट म.प्र.

Telephone No. : (07632) 247044, 247487 Fax No. : (07632) 247487
E-mail : dfotnbghat@mp.gov.in, dfontbgt@yahoo.co.in

क्रमांक / मा.चि.1 / 3128 बालाघाट, दिनांक 3 / 11 / 2017

प्रति,

मेसर्स धरमसी मोरारजी
केमिकल्स कम्पनी लिमि. मुम्बई (महॉराष्ट्र)
वर्तमान पता – सी–1 फार्चुन डीलाईट
आर्दश नगर, होशंगाबाद रोड़ भोपाल (म.प्र.)

विषय :– बालाघाट जिले के उत्तर (सा.) वनमण्डल के वन परिक्षेत्र पश्चिम बैहर क्षेत्रांतर्गत वनकक्ष क्रमांक 1491 में रकबा 40.468 हैक्टेयर वनक्षेत्र पर बाक्साईड खनिज उत्खनन हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के तहत वनभूमि व्यपवर्तन का आनलाईन प्रस्ताव।

संदर्भ :– आपका पत्र दिनांक 30.10.2017

---000---

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित द्वारा प्रेषित आनलाईन प्रस्ताव की हार्ड कापी का आनलाईन प्रस्ताव का अवलोकन किया गया है, जिसमें निम्नानुसार त्रुटियॉ / कमियॉ पाई गई है :–

1- प्रस्ताव में उल्लेखित प्रस्तावित क्षेत्र का कक्षवार विवरण में रास्ता / मार्ग का कुल रकबा 1.281 हेक्टे. दर्शाया गया है, जिसमें यह स्पष्ट नहीं हो रहा है कि मार्ग की लम्बाई एवं चौड़ाई कितने मीटर दर्शाई गई है अतएव मार्ग की लम्बाई चौड़ाई का उल्लेख करें।

2- प्रस्ताव में संलग्न सर्वे आफॅ इण्डिया का मानचित्र स्केल 1:50,000 पर आवेदित कक्ष की सीमालाईन स्पष्ट नही हो रही है। अतः सूचना प्रौद्योगिकी शाखा भोपाल से उक्त शीट प्राप्त कर आवेदित क्षेत्र अंकित कर संलग्न करें।

3- प्रस्ताव में सर्वे ऑफ इण्डिया की वनसीमा दर्शाने वाली टोपो शीट स्केल 1:15000 पर आवेदित क्षेत्र अंकित कर संलग्न नहीं किया गया है। जिससे आवेदित क्षेत्र के वनकक्ष की स्थिति स्पष्ट नहीं हो रही है।

4- प्रस्ताव में संलग्न Geo-reference map में आवेदित क्षेत्र के बिन्दु P-1, P-2, P-3, P-4 एवं P-5 के Co-ordinate दिये गया है, किन्तु पुनरीक्षित प्रस्ताव में Non minable क्षेत्र एवं प्रस्तावित मार्ग के Co-ordinate नही दिये गये है। अतएव बिन्दु क्र. 2 एवं 3 में उल्लेखित दोनों मानचित्र अपर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (सूचना एवं प्रौद्योगिकी शाखा) भोपाल से प्राप्त कर निर्देशानुसार आवेदित क्षेत्र अंकित कर अपलोड करे।

5- पूर्व में प्रेषित प्रस्ताव में वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु प्रस्तावित 40.829 हेक्टे. का सत्यापन कराया गया था, जिसके आधार पर 40.829 हेक्ट. की योजना तैयार कर अनुमोदन कराया गया है। किन्तु पुनरीक्षित प्रस्ताव में CA land कुर्सीटोला में 27.134 हेक्टेयर एवं डोरली में 13.336 हेक्टे. कुल 40.470 हेक्टे. दर्शाई गई है। कृपया स्पष्ट करें कि कौन से खसरा नम्बर से कितना–कितना रकबा कम किया गया है एवं कितना दिया गया। ताकि पुनरीक्षित वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना तैयार कर अनुमोदित कराई जा सकें।

उपरोक्त कमियों त्रुटियों की पूर्ति हेतु प्रस्ताव मूलतः आपकी ओर वापस भेजा जा रहा है। कृपया प्रकरण में उपरोक्तानुसार पूर्ति कर पूर्ण प्रस्ताव इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।

संलग्न :– प्रस्ताव मूलतः 4 प्रतियों में

वनमण्डलाधिकारी
उत्तर वनमण्डल (सा.) बालाघाट

पृष्ठा.क्र. / मा.चि.1 / 3129 बालाघाट, दिनांक 3 / 11 / 2017

प्रतिलिपि :–

1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) प्रथम तल सतपुड़ा भवन भोपाल की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन वन संरक्षक बालाघाट वनवृत्त बालाघाट की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

वनमण्डलाधिकारी
उत्तर वनमण्डल (सा.) बालाघाट

०१८

D:\Sharad\2015\letter\Genral Letter.doc291